चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/465
दिनांक : 11. 5. 2022

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों में इस बिन्दु पर भ्रम की स्थिति है कि एन0ई0पी0 के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0) में आन्तरिक परीक्षायें एवं विश्वविद्यालय (बाह्य) परीक्षायें कितने अंकों की होंगी।

उक्त के सम्बन्ध में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/356, दिनांक 26.04.2022 के साथ संलग्न बैठक की कार्यवाही दिनांक 28.03.2022 एवं शासन के पत्र संख्या–1032/सत्तर-3-2022-08(35)/2020, दिनांक 20 अप्रैल, 2022 के माध्यम से प्राप्त दिशा–निर्देश जो कि विश्वविद्यालय के एन0ई0पी0 पोर्टल पर पूर्व से ही अपलोड हैं, का प्रस्तर–2.5 अवलोकनीय है जिसमें निम्न व्यवस्था है :–

"सभी विषयों के मुख्य/माइनर/सह–पाठ्यक्रम/लघु शोध के प्रत्येक कोर्स/पेपर (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी) में अधिकतम अंक 100 में से प्राप्तांकों की गणना 25 अंकों के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन व 75 अंकों की विश्वविद्यालय (बाह्य) परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ कर की जायेगी।"

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध है कि उक्त प्रावधान के अनुसार ही आन्तरिक परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

11/05/2022

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले जिलों के सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)